

राजगढ़ में मां जालपा मंदिर तक निकाली गई चुनरी यात्रा में शामिल महिला, पुरुष एवं बालिकाएं।



ब्यावरा में भंवरगंज से शहर के मुख्य मार्गों से चुनर यात्रा निकालकर माता वैष्णोदेवी को अर्पित की चुनरी।

# मां जालपा को ओढ़ाई 1111 मीटर की चुनरी, भक्तों के लिए बिछा कारपेट

जागरण, राजगढ़/ब्यावरा

रविवार को जिला मुख्यालय पर शहर से 7 किमी दूर पहाड़ी पर विराजमान मां जालपा देवी को चुनर चढ़ाने के लिए हिन्दू चेतना मंच और विश्व हिंदू परिषद ने 1111 मीटर लम्बी चुनर यात्रा निकाली। चुनर यात्रा में शहर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान डीजे के साथ चुनरी यात्रा राजगढ़ राजमहल स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद प्रारंभ हुई। मंदिर परिसर से सुबह साढ़े 12 चुनर यात्रा शुरू हुई, जो शहर के मेन मार्केट, ब्यावरा नाका, बायपास मार्ग और खिलचीपुर नाका होते हुए मां जालपा मंदिर पहुंची। इसमें भक्त बढ़ी संख्या में माता के भक्त शामिल हुए, जो चुनरी को अपने हाथों में थामे हुए पैदल चले रहे थे। यात्रा में शामिल डीजे पर चल रहे भजनों ने पूरे शहर में माता की भक्ति घोल दी, इस यात्रा के रास्ते भर अलग अलग समाज के लोगो ने स्टॉल लगाकर चुनर यात्रा पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### चुनर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए 7 किमी मार्ग पर बिछाया कारपेट

राजमहल से निकाली गई चुनरी यात्रा के दौरान पूरे 7 किमी लंबे मार्ग पर कारपेट बिछाया गया था, यात्रा के पूरे मार्ग पर अलग अलग समाज के देवी भक्तों द्वारा जलपान, फलाहार, सहित अलग-अलग तरह के स्टॉल लगाकर चुनरी यात्रा में साथ चल रहे भक्तों का स्वागत किया।इस दौरान जगह-जगह चुनरी यात्रा में शामिल भक्तों पर लोगों ने फूलों की बारिश भी की। दोपहर 3 बजे करीब चुनर यात्रा ऊंची पहाड़ी पर स्थित मां जालपा माता मंदिर पर पहुंची। जहां माता को भक्तों के द्वारा चुनर अर्पित कर आरती की। उल्लेखनीय है विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व हिंदू चेतना मंच के तत्वावधान व नगर वासियों के सहयोग से मां जालपा को चुनरी ओढ़ाने 15 साल से चुनर यात्रा निकाली जार रही है।

### कन्या पैर पूजन से शुरू हुई यात्रा

राजमहल स्थित परिसर में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं शामिल हुए। इस दौरान छोटी बालिकाओं के पैरों की पूजन एवं मां की चुनरी को विशेष पूजा अर्चना के बाद मात्र शक्तियों के हाथ में चुनर सौंपते हुए यात्रा प्रारंभर हुई। करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मां जालपा भवन पहुंची, जहां विशेष पूजा अर्चना के बाद समिति सदस्यों ने मां को चुनरी भेंट की।

### पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

राजमहल परिसर से शुरू हुई इस चुनर यात्रा में पूरे रास्ते जहां पुलिस विभाग पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिया, वहीं प्रशासनिक अमला भी अपनी-अपनी व्यवस्थाओं में नजर आया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधियों के साथ ही सामाजिक संगठन के पदाधिकारी, झांकी संगठन के पदाधिकारी, हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सहयोगी भी यात्रा के दौरान शामिल रहे।

## मां अन्नपूर्णा को ओढ़ाई 191 मीटर की चुनरी

जागरण, कुरावर



नगर में हर वर्ष की तरह ईश्वर से 13 वे वर्ष रवि पाल मित्र मंडल द्वारा नगर के नेशनल हाईवे पर स्थित शिधाम कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर से विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में 191 मीटर की चुनर यात्रा प्रारंभ की गई। यात्रा के प्रारंभ में सभी मातृ शक्तियों को विधायक ने चुनर ओढ़ाकर सम्मान किया उसके बाद चुनर यात्रा प्रारंभ हुई। सभी माता बहने अपने हाथों में चुनर लेकर चल रही थी। नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह चुनर यात्रा का स्वागत किया गया। मुख्य मार्गो से होती हुई यह यात्रा माता रानी के भजनों के साथ एवं श्रद्धालुओं के नृत्य के साथ गांव में स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर पेरिस यात्रा का समापन हुआ जहां पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि लगातार 13 वर्ष इस सोलर यात्रा में शामिल होना हम सब के लिए बड़े सौभाग्य की बात है और इस प्रकार के सनातनी त्यौहार निरंतर चलते रहना चाहिए। उन्होंने मां जगत जननी से अपने क्षेत्र के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना भी की। उसके पश्चात मां अन्नपूर्णा को सभी उपस्थित महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने 191 मीटर की चुनर चढ़ाई उसके बाद सामूहिक आर्थिक व प्रसादी वितरण हुआ। थाना प्रभारी संगीता शर्मा के निर्देशन में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, मोती सिंह बिलहरी, ब्रजकिशोर मीणा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी, महेश भावसार,ओम शर्मा, पार्षद राजू मीणा, बद्रीलाल कुशवाहा, अनिल दरबार, राजकुमार चौकसे, प्रतिनिधि दिलीप बना ,मोहन वर्मा, लखन चौहान, लखन राजपूत, मुरारी मीणा, हिरदेश चंद्रवंशी, चंद्रपाल सिंहराणा, अनोखी लाल कोटिया, हेमंत पाल, जगदीश सेन, संजयसिंह, शैलेंद्र सक्सेना, राकेश मीना, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## वैष्णो देवी धाम पर लग रहा भक्तों का तांता

जागरण, सुठालिया



शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर स्थानीय मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित माँ सुन्दरमयी वैष्णो देवी धाम में माता के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है।

प्रातः से ही यह सिलसिला शुरू होता है और देर रात तक बड़ी संख्या में माता के भक्त महिला-पुरुष माता के दर्शनों का लाभ ले रहे है। नवरात्र के मौके पर यहां नगर सहित आसपास के दूरस्थ अंचल के अलावा गुना, भोपाल, शाजापुर विदिशा जिले तक के श्रद्धालु भक्त बड़ी तादाद में पहुंच रहे है और माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। गौरतलब है कि यहां नवरात्र के नौ दिनों में हर वर्ष हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्त जन पहुंचकर माता के दर्शनों का लाभ अर्जित करते है। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान समूचे मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। प्रतिदिन सुबह व शाम महाआरती की जा रही है। वही मातारानी की प्रतिमा का आकर्षक श्रंगार किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु गुफा के अंदर से प्रवेश पर माता रानी के दर्शन हेतु पहुंचते है। वही लोटते में भेरू बाबा का दर्शन भी हो ते है। मंदिर परिसर में श्रीराम मंदिर साई बाबा मंदिर काली माता मंदिर आदि भी मौजूद है।

**2008 में हुई थी माता रानी की स्थापना** : नगर के व्यवसायी महेश अग्रवाल द्वारा यह मंदिर जम्मू कटरा स्थित वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर बनवाया है जो करीब सात-आठ साल में पूर्ण हुआ था जिसमें माता रानी की स्थापना वर्ष 2008 में की गई थी। उक्त मंदिर करीब पां-छह बीघा जमीन में फैला हुआ है जिसमें सुंदर पार्क सहित रुकने वालों के लिए धर्मशाला रसोई घर आदि भी है।

## नाबालिगों को धड़ल्ले से बेची जा रही शराब

जागरण, माचलपुर



राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने अवैध मादक पदार्थों के विक्रय व परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दे रखे हैं। पर माचलपुर एवं क्षेत्र में इसका कोई असर होता कही नजर नहीं आता है। यहां शराब ठेकेदार द्वारा लगातार अपने वाहन द्वारा अपनी अवैध दुकानों पर लगातार परिवहन होता रहता है। जिसके वाहन नगर के पुलिस थाने के सामने से लगातार गुजरते हैं, पर शायद जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आते हैं। हद तो तब होती है जब नाबालिको बालको तक को शराब बिना रोक के बेची जाती है। जबकि नाबालिको को बेचना या देना गंभीर अपराध है। भारतीय दण्ड संहिता के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को शराब बेचना या परोसना गैरकानूनी है, ऐसा करने वाले व्यक्ति को जेल की सजा जुर्माना और लाइसेंस रद्द होने जैसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते है, पर शायद यह कानून यहां लागू नहीं होता है। निर्धारित दर से अधिक कीमत में नगर की शराब दुकानों पर उपभोक्ताओं से ली जाती है यह राशि नगर में कुछ ज्यादा वा ठेकेदार की अवैध दुकानों पर और ज्यादा हो जाती है। बात यही खत्म नहीं होती है नगर में स्थित शराब दुकानें अपने निर्धारित समय से बहुत पहले ही खुल जाती है जबकि शासन द्वारा इनके खुलने और बंद होने का समय तय किया हुआ है। ड्राई डे (शुष्क) दिवस पर भी आसानी से उपलब्ध होती है। शराब नगर की दुकानें चाहे बंद रहे पर ठेकेदार के आदमी अधिक दाम पर शराब बिक्री के लिए आसानी से उपलब्ध रहते हैं और उनकी ग्रामीण क्षेत्रों की अवैध दुकानों पर तो आसानी से उपलब्ध रहती ही है। आबकारी विभाग के जिम्मेदार व पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से इन सब से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**इनका कहना है :** मुझे आपके द्वारा जानकारी मिली है अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो वैधानिक कार्रवाई की जावेंगी।

**धर्मवीर सिंह नागर, एसडीओपी खिलचीपुर**

मुझे आपसे पता चला है में वहां के इंस्पेक्टर को बोल कर देखवा लेता हूं।

**रितेश लाला, जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़**

## अम्बे माता मंदिर से निकली 21 किलोमीटर पैदल चुनरी यात्रा

जागरण, सारंगपुर



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को सारंगपुर नगर में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। नगर के प्राचीन अम्बे माता मंदिर से माँ भैंसवा बिजासन धाम तक विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भक्तों ने 21 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पूरी करते हुए माँ के चरणों में 51 मीटर लंबी चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई भैंसवा बिजासन धाम पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया। आमगढ़ा, डिगवाड़ और पाड़ल्या माता सहित कई ग्रामों में ग्रामीणों और नगरवासियों ने यात्रा का अभिनंदन किया। पूरे नगर में ढोल-नगाड़ों, बैंड और डीजे की धुनों के बीच जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस चुनरी यात्रा की विशेषता यह रही कि राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने प्रोटोकॉल से ऊपर उठकर आम श्रद्धालु की भांति यात्रा में सहभागिता निभाई। वे कतार में खड़े होकर माँ के दर्शन करते नजर आए। उनके साथ नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल तथा अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। मातृशक्ति का उत्साह यात्रा में विशेष रूप से दृष्टिगोचर हुआ। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर भक्ति गीत गाती रहीं और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करती हुई आगे बढ़ीं। बुजुर्ग और युवा श्रद्धालु भी जयकारों के साथ यात्रा में सम्मिलित रहे। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण माँ के भजनों और श्रद्धा की भावना से सराबोर रहा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और एसडीओपी अरविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा। मंदिर प्रांगण में तहसीलदार एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के सचिव आकाश कुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और व्यवस्था का संचालन किया। धार्मिक आस्थाओं को दर्शाती आकर्षक झांकियां भी यात्रा का प्रमुख आकर्षण बनीं। नगरवासियों और सामाजिक संगठनों ने भव्य झांकियां सजाकर यात्रा को भक्ति और सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। हिन्दू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल तथा बालवीर हनुमान सुंदरकांड समिति सहित अनेक स्वयंसेवी संगठनों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित चुनरी यात्रा श्रद्धा, आस्था और एकता की मिसाल बनी। माँ भैंसवा के चरणों में क्षेत्रवासियों ने सुख-समृद्धि, शांति और समाज की उन्नति की कामना की। यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव रहा, बल्कि सामाजिक एकजुटता और मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक बनकर क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर में स्वर्णाक्षरों से दर्ज हो गया।

## महिलाओं ने निकाली भव्य चुनरी यात्रा

जागरण, नरसिंहगढ़



रविवार को चंपी मोहल्ला स्थित सोठे वाले हनुमान जी की आरती के पश्चात् मोहल्ले की महिलाओं द्वारा चुनरी यात्रा बैंडबाजे की धुन पर प्रारंभ हुई। जिसमें विधायक मोहन शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए जो छतरी चौराहा बस स्टैंड होते हुए सीधे चाणक्य सिनेमा के सामने पहुंची। वहां हायर सेकेंडरी दरवाजे के सामने से वाहन की मदद से सभी महिलाएं कोटरा पहुंची, जहां पर ग्राम कोटरा में पुनः चुनरी यात्रा प्रारंभ की गई, जो गांव में होते हुए सीधे मातारानी के दरबार में पहुंची, जहां पर सभी महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना कर मातारानी को चुनरी भेंट की गई। चुनरी यात्रा में मोहल्ले के नागरिक एवं नगर के अन्य हिंदू धर्मप्रेमी शामिल हुए। चुनरी यात्रा में शामिल सभी महिलाओं द्वारा एक ही रंग की साड़ी पहन रखी थी। मोहल्ले की महिलाओं द्वारा दूसरी बार चुनरी यात्रा निकाली गई जो कोटरा स्थित माता मंदिर पहुंची। जहां पर पूजा अर्चना कर मातारानी को चुनरी भेंट की जाकर सभी की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई।

## घर के पकवानों से मां फलोदी को लगाया छप्पन भोग

जागरण,ब्यावरा



शारदेय नवरात्र महोत्सव के तहत श्री मेडतवाल वैश्य समाज ब्यावरा द्वारा पंचमी तिथि पर मेड़तवाल धर्मशाला में मां फलोदी को छप्पन भोग लगाया गया। यह 56 भोग सभी श्रद्धालु अपने-अपने घरों से बनाकर लाए थे । लगभग 9:30 बजे माता की आरती के बाद महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किए एवं भोग की प्रसादी को सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया। नवरात्र महोत्सव के दौरान रोज सुबह 9 बजे व रात्रि 9 बजे माता की मां आरती होती है। 29 सितंबर सोमवार को एक विशाल सुमधुर भजन निशा का आयोजन रात्रि 9 बजे से देर रात्रि तक आयोजित की जाएगी। इसमें गुना के सुप्रसिद्ध भजन गायक सागर जी एवं उनकी टीम अपनी प्रस्तुति देगी। नवयुवक संघ के मीडिया प्रभारी सोनू गुप्ता ने बताया कि वैश्य समाज ब्यावरा का नवरात्र महोत्सव का प्रथम प्रयास है एवं आप सभी श्रद्धालु से निवेदन है कि इस माता रानी की भजन निशा में पधार कर अपने जीवन को कृतार्थ बनाएं।

### धूमधाम से मना रहे पर्व

**तलेन।** नगर में गरबे की धूम है। रंग बिरंगे परिधानों में महिलाएं व बच्चे गरबे करने पहुंच रही है। गरबा पंडालों पर गरबा नृत्य देखने बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे पहुंच रहे हैं। नगर में श्री राधाकृष्ण कला मंडल यादव मोहल्ला, श्री बजरंग कला मंडल चौधरीपुरा, श्री कबीर मित्र मंडल हनुमान पुरा, श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर इकलेरा रोड, मां चामुंडा माता मंदिर व मां चिंतपूर्णी कला मंडल शक्ति ग्रुप मिर्जापुर व संजय कॉलोनी पर गरबा चल रहा है। यादव मोहल्ले के राधाकृष्ण कला मंडल ने लव जिहाद के प्रति जागरूकता के पोस्टर लगाए हैं।

**नवरात्रि पर्व : पुलिस अधीक्षक ने गरबा पंडालों का किया निरीक्षण, पुलिस व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

## सड़क पर अकेली महिलाओं को घर छोड़ेगी पुलिस

जागरण, सारंगपुर



नवरात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार रात थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया। एसपी अमित तोलानी ने क्षेत्र के पड़ाना के आशापुरी माता मंदिर सहित विभिन्न गरबा पंडालों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी मौजूद रहे। वही आयोजकों को समय सीमा का पालन करते हुए गरबा संचालित करने के निर्देश दिए। त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल मनाने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण व यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवरात्र में दुर्गा पंडालों में देवी मां की आराधना और गरबे का आयोजन चल रहा है। गरबा आयोजनों में पहुंचने वाली महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मुस्तैद हो गई है। शहर के सभी प्रमुख गरबा पंडालों और मंदिरों में हाईटेक सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। आयोजन स्थलों के आसपास पुलिस कैमरे से निगरानी रखे हुए है।

**संदिग्ध सामग्री, हथियार प्रतिबंधित होंगे :** पुलिस अधीक्षक तोलानी ने गरबा डांडिया का आयोजन कर रहीं संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रम के दौरान यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति आयोजन स्थल पर संदिग्ध सामग्री, आपत्तिजनक वस्तु या किसी भी प्रकार का हथियार लेकर न आए और न ही उनका प्रयोग या प्रदर्शन किया जाए। इसके साथ ही, बिजली व लाइटिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से आगजनी की घटना न हो, इसके लिए अतिरिक्त विद्युत सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन किया जाए। साथ ही गरबा-डांडिया पंडाल स्थल पर विद्युत वायरिंग की रोजाना जांच कराकर व्यवस्था सुचारु रखी जाए। एसपी ने राज्यमंत्री टेटवाल से बातचीत करके विभिन्न जानकारियां इकट्ठा की और यह सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे है। वही पुलिस एसडीओपी अरविंद सिंह ने गरबा आयोजन स्थलों के आसपास सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों तैनात किए है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि देर रात सड़क पर अकेली दिखने वाली महिलाओं को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी की गई, ताकि सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। बता दे की नवरात्रि पर्व पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके।

## सुग्रीव से मित्रता कर श्रीराम ने किया बाली का वध

जागरण, जीरापुर



श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल द्वारा शिव चौक में जारी रामलीला मंचन के दसवें दिन शनिवार रात को प्रभु श्रीराम की सुग्रीव से मित्रता, बाली वध की लीला का मनमोहक मंचन किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

नगर के चोपड़ा बाजार स्थित शिव चौक में रामलीला का मंचन डायरेक्टर बद्रीनारायण आचार्य, मोहनलाल पुष्पद , अशोक सेन, देवीलाल चौहान के निर्देशन में स्थानीय कलाकारों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन लीलाओं का मनमोहक संगीतमय मंचन किया जा रहा है ऐसे में रामलीला मंचन के दसवें दिन शनिवार रात को माता शबरी के आश्रम से किष्किंधा का पता चलने के बाद श्रीराम व लक्ष्मण सीता जी की खोज में आगे बढ़ते हैं, वानर राज सुग्रीव अपने शुभचिंतकों के साथ ऋषिमुख पर्वत पर विराजमान होते हुए दूर से तपस्वियों को आते देख हनुमान जी को उनका पता लगाने भेजते हैं तब हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारण कर उनसे परिचय जानकर दोनों को अपने कंधों पर बिठाकर सुग्रीव के पास ले जाते हैं इसके बाद दोनों मित्रता का संकल्प लेते हैं। सुग्रीव अपनी व्यथा व बाली के अत्याचार की बातें प्रभु श्री राम को सुनाते है वानर राज सुग्रीव पर हो रहे अत्याचारों का पूर्ण ज्ञान होने पर भगवान राम बाली के अंत के लिए सुग्रीव को बाली को ललकार ने के लिए भेजते हैं दोनों भाइयों की सूरत एक होने पर भगवान राम सुग्रीव के गले में पहचान के लिए माला डालकर पुनः युद्ध के लिए भेजते हैं। इस दौरान दोनों भाइयों के बीच गदा युद्ध होता है और श्रीराम द्वारा बाली का वध कर सुग्रीव को किस्किंधा का राजा बनाते हैं। ऐसे में बाली सुग्रीव युद्ध को देखकर दर्शक रोमांचित हो गये। उक्त प्रसंगों पर स्थानीय कलाकारों में श्रीराम- दिलीप जमीदार, लक्ष्मण- प्रकाश गौड़, हनुमानजी- अशोक सेन, ब्राह्मण वेश में हनुमान देवीलाल चौहान, सुग्रीव- चेतन कुंभकार, बाली- शानू जोशी, रानीतारा- गोविंद तिवारी, जामवंत- श्री चौधरी, नमन राठौर आदि कलाकारों ने रोचक संवादों के बीच अपनी सुंदर प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने खूब सराहा गया।

## न्यूज कार्नर

### एनसीसी केडेट्स द्वारा किया गया श्रमदान



**जागरण नागदा।** उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा जारी सेवा पखवाड़ा अभियान के अर्न्तगत शासकीय महाविद्यालय में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीबी रेड्डी के निर्देशन में आज एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय में श्रमदान किया गया एवं स्वच्छता पर रैली निकाली गई। रैली पुरानी नगर पालिका स्थल से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई । इसमें एन सी सी कैडेट्स ने स्वच्छता, स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ एवं आत्मनिर्भर भारत को समर्पित स्लोगन दोहराकर नगर वासियों को जागरूक किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे इस देशव्यापी अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाने के लिए अपना योगदान दें।

### सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया



**जागरण माकडोन।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन में 27 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह सिसोदिया के निर्देशन में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ौन के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुराज परिहार ने विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया की पहचान एवं उसके निदान के विषय में जानकारी दी, इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने सिकल सेल एनीमिया के विषय में बताया कि यह एक वंशागत रक्त विकार है, यह अनुवांशिक उत्परिवर्तन विरासत में मिलता है, जो ।।ह्बक्र को प्रभावित करता है। जिससे हमारी आरबीसी सी के आकार की हो जाती है और हमारे रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध करती है और एनीमिया हो जाता है साथ ही यह तिल्ली को प्रभावित करके हमारे प्रति रक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से यह शिविर ज्ञानवर्धक और स्वास्थ्य जागरूकता की दृष्टि से अत्यंत सफल रहा।

### राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक हुई संपन्न

उज्जैन। चामुंडा माता मन्दिर चौराह स्थित जिला राज्य कर्मचारी संघ कार्यालय पर राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में प्रमुख रूप से कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांगों पर चर्चा हुई। जिसमें सरकार पुरानी पेंशन योजना लागू करें।

# सम्राट विक्रमादित्य ने की थी नगरकोट माता मंदिर की स्थापना

## स्कंद पुराण के अर्वंतिका क्षेत्र महात्म्य में इसका उल्लेख मिलता है




**जागरण उज्जैन।** नगर में नवरात्रि पर्व उत्साह से मनाया जा रहा है। प्रमख देवी मंदिरों में पहले दिन से ही भक्तों की भारी भीड़ सुबह से रात तक उमड़ रही है। प्रमुख मंदिरों में नगरकोट महारानी का मंदिर भी शामिल है। इसकी स्थापना सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। इधर आज़ नवरात्रि की सप्तमी से मंदिरों और पांडालों में देवी के विशेष पूजन के आयोजन शुरु हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन शहर उज्जैन में कई चमत्कारी देवी स्थान है और इन्हीं में से एक है नगर कोट माता का मंदिर। यहां विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि शहर में अधिकांश प्राचीन मंदिरों का उल्लेख स्कंद पुराण में तो मिलता ही है वहीं सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किए हुए देवी के मंदिर भी शामिल है। इतिहास में इस बात का उल्लेख मिलता है कि उक्त नगरकोट माता मंदिर की भी स्थापना सम्राट विक्रमादित्य द्वारा ही की गई थी। स्कंद पुराण के अवंतिका क्षेत्र महात्म्य में इसका उल्लेख मिलता है। स्कंद पुराण के अनुसार, 24 देवियों में से एक है नगर कोट माता का मंदिर। गोवर्धन सागर के पास स्थित मंदिर में माता की मूर्ति भव्य और मनोहारी है। मंदिर परमारकालीन माना जाता है। वहीं स्कंद पुराण के अवंति खंड में वर्णित नौ मातृकाओं में से 7वीं देवी नगरकोट की माता हैं। ये मंदिर उज्जैन शहर की उत्तर पूर्व दिशा में स्थित है । इस मंदिर में जल से परिपूर्ण एक कुंड है जो कि परमारकालीन माना जाता है । मंदिर में एक अन्य गुप्तकालीन मंदिर है जो कि शिवपुत्र कार्तिकेय का है। ऐसी मान्यता है कि उज्जैन में नवरात्रि में अन्य माता मंदिर के दर्शन नगरकोट की रानी माता के बगैर अधूरे माने जाते है । नगरकोट के परकोटे की रक्षिका देवी हैं नगरकोट की माता। मंदिर परमारकालीन माना जाता है,मंदिर परिसर में प्राचीन कुंड भी है, जो काफी गहरा है। इस कुंड के जल से ही देवी का अभिषेक पूजन किया जाता है। नवरात्रि में यहां रोजाना भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर रोशनी से जगमगा रहा है।

### अष्टमी पर होगी नगर महारानी की महाआरती

दूधतलाई पर युवा जनशक्ति संगठन परिवार द्वारा पिछले 51 वर्षो से नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां विराजित देवी को नगर महारानी के नाम से पहचाना जाता है। नवरात्रि के पहले दिन से देर रात तक यहां देवी के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति सदस्य नितिन पडियार ने बताया कि इस साल नवरात्रि पर्व का यहां 51वां वर्ष है। संगठन द्वारा प्रथम बार जब 49 वर्ष पूर्व यहां नवरात्रि में देवी प्रतिमा स्थापना का क्रम शुरू किया था तभी से इन्हें नगर महारानी के नाम से जाना जाता है। हर वर्ष की तरह इस साल भी यहां नगर महारानी की साढ़े बारह फीट ऊंची मनोहारी प्रतिमा विराजित की गई है।

घट स्थापना के दिन से ही यहां सुबह-शाम देवी मां की आराधना की आ रही है और शाम को भव्य आरती की जा रही है। महाष्टमी के दिन मंगलवार को देवी की महाआरती की जावेगी एवं महाप्रसादी का भोग लगाकर श्रध्दालु में वितरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मालीपुरा में वर्षों से नवरात्रि के दौरान नगर महारानी के दरबार में देवी की आराधना पूरे भक्ति भाव की साथ की जा रही है। यहां नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर समापन तक प्रतिदिन आरती पूजन और प्रसादी वितरण का दौर चलता रहेगा। बड़ी संख्या में श्रध्दालु देवी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

## सुबह कई क्षेत्रों में बरसा आधे घंटे पानी, शाम तक छाए रहे बादल

**जागरण उज्जैन।** शनिवार दोपहर से एक बार फिर शहर का मौसम बदला है और कल दिन में तेज हवाएं चली और बारिश भी हुई थी। रविवार सुबह 6 बजे के लगभग भी कई क्षेत्रों में वर्षा हुई और आधे घंटे तक पानी गिरा। शाम तक बादल छाए रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले 8-10 दिनों से मौसम साफ हो गया था और धूप निकल रही थी। इसके कारण अधिकतम तापमान भी 35 डिग्री तक पहुंच गया था। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री के करीब आ गया था। कल दोपहर बाद अचानक बादल छा गए थे और करीब 20 से 25 मिनट तक तेज हवाएं चली। इस दौरान कई क्षेत्रों में बूंदा बांदी भी हुई। आज सुबह भी कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। सुबह से शाम तक बादल छाए हुए थे।

वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि 5 अक्टूबर तक मानसून सक्रिय रहेगा और अगले पूरे सप्ताह वर्षा की संभावना बन रही है। वर्तमान में पश्चिमी मध्यप्रदेश में एक बार फिर कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसका असर अगले 3-4 दिन बारिश के रुप में बने रहने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि अभी तक वेधशाला में 35.5 इंच बारिश हो चुकी है और औसत से यह आंकड़ा केवल 1.5 इंच दूर रह गया है।

## वरिष्ठ जनों का ज्ञान एवं अनुभव ही नई पीढ़ी को अवसाद से दूर करेगा : डॉ मोहन गुप्त

**जागरण उज्जैन।** प्रसिद्ध साहित्यकार एवं धर्मशास्त्री पूर्व संभागायुक्त डॉ. मोहन गुप्त ने कहा है कि युवा पीढ़ी में बढ़ते अवसाद को दूर करने में वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हम यह भूल गए हैं कि हम परमात्मा के दिव्य अंश हैं। जो शक्ति सूर्य में है, जो शक्ति आकाशगंगा में है, वही शक्ति हमारे अंदर में है। वरिष्ठ जन का साथ, उनकी सेवा, उनसे संवाद आपके अंदर उस दिव्य शक्ति को जाग्रत करते है, जिसमें जीवन के हर प्रश्न का समाधान निहित है। वरिष्ठ जनों का संग करें, अपने जीवन को आलोकित करें, और अपने अवसाद को दूर करें।

डॉक्टर मोहन गुप्त रविवार को महाश्वेता नगर में जीवन उद्घोष समिति द्वारा आयोजित वरिष्ठजन सम्मान एवं संवाद दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान उनके ही परिवारजनों द्वारा किया गया। साथ ही सम-सामयिक विषय बच्चों में बढ़ते अवसाद को दूर करने में वरिष्ठजनों की भूमिका पर तीन पीढियों का संवाद भी हुआ. संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाला श्रीमती वैजयंती देवी मातृत्व सेवा पुरस्कार श्रीमती रेखा शुक्ला को प्रदान किया गया।

डॉ मोहन गुप्त ने महाभारत का उद्धरण देते हुए कहा कि जीवन में दुख मिले या सुख मिले, जय मिले या पराजय मिले, चुनौतियों का डटकर सामना करें और परिणामों को अपराजित हृदय से स्वीकार करें। महाभारत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भी यही उपदेश दिया था।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कनासिया मंडल ने सुना



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 126 एपिसोड को सुनने हेतु प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन पर कनासिया मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र डॉन के नेतृत्व में मंडल क्षेत्र के प्रत्येक बूथ केंद्रों पर ग्रामीणों के साथ पहुंचकर उनके गांव घर पर लगे टेलिविजन के माध्यम से तथा उनके एंड्राइड मोबाइल , लेपटॉप के माध्यम से सुनने का निवेदन किया जिसके फलस्वरूप प्रत्येक बूथ केन्द्रों पर मोदी जी के मन कि बात कार्यक्रम को सुना गया मंडल का मुख्य कार्यक्रम ग्राम फानिया में कार्यक्रम प्रभारी पुर्व भाजपा जिला महामंत्री नाहरसिंह पंवार , वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल हाड़ा ,मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र डॉन ,सेवा पखवाड़ा अभियान के मंडल संयोजक उदयसिंह दरबार वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश पटेल,मंडल महामंत्री द्वय अवतारसिंह गुर्जर सचिन सरदार , महेश परमार ,सरपंच संघ अध्यक्ष चरणसिंह गुर्जर मंडल उपाध्यक्ष राजेश जोशी , पप्पूसिह चांदना सरपंच ,जगदिश जाट , तेजसिंह दांगी, गोपालसिंह उमठ , दिलिपसिंह , निर्भयसिंह गुर्जर,विनोद पटेल ,संजय गुर्जर ,गोपालसिंह लोधी हुकमसिंह आदि सहित मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों , मंडल के मीडिया प्रभारी , सोशल मीडिया प्रभारी , आईटी कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। जानकारी भाजपा मिडिया प्रभारी शिवनारायण गुर्जर ने दी।

# आज से लगातार 3 दिन घरों में होगा कुलदेवियों का पूजन

**जागरण उज्जैन।** शारदीय नवरात्रि का रविवार को छठा दिन था और आज सप्तमी से घरों में कुल देवियों का पूजन आरंभ हो जाएगा, जो नवमी तक चलेगा। शहर में रहने वाले बाहरी लोगों के अलावा स्थानीय लोग भी अपनी कुलदेवी के पूजन के लिए पैतृक घरों को रवाना होने लगे हैं। इस कारण होस्टल से लेकर मजदूर सरायों और कार्यालयों में दशहरे तक सन्नाटा रहेगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शारदीय नवरात्रि के प्रत्येक दिन में देवी शक्ति के विभिन्न स्वरुपों की पूजा का विधान है। कल नवरात्रि की सप्तमी तिथि से घरों में कुल देवियों का पूजन आरंभ हो जाएगा। आज सोमवार को सातवें दिन सप्तमी पर देवी के कालरात्रि स्वरुप का पूजन होगा। इन्हें महायोगेश्वरी, महामोहिनी और शुभंकरी के नाम से भी जाना जाता है।

मां कालरात्रि की पूजा सुबह और शाम दोनों समय शुभ मुहूर्तों में करना शुभ फलदायी माना जाता है। उन्होंने बताया कि अगले दिन मंगलवार को नवरात्रि की अष्टमी पर देवी के महागौरी स्वरुप की पूजा होगी। उज्जैन में परंपरानुसार महाष्टमी पर चौबीस खंभा देवी माता मंदिर से देवी महालया और महामाया को जिला प्रशासन की ओर से मदिरा का भोग और सुहाग सामग्री अर्पित की जाएगी।

इधर कुलदेवी पूजन के लिए स्कूल-कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्र भी आज से अपने घरों को लौटने लगे हैं। वहीं विभागों में भी अधिकारी और आम लोग भी अपने पुश्तैनी घर जाएंगे और देवी पूजन करेंगे।

## खादी प्रदर्शनी में पहुंचे मुख्यमंत्री खरीदी कर खादी और ग्रामोद्योग उत्पाद को अपनाने का दिया प्रेरक संदेश किया डिजिटल पेमेंट



जागरण उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज भारतीय ज्ञानपीठ माधवनगर संस्थान परिसर में ही खादी ग्राम उद्योग विकास मंडल उज्जैन के सहयोग से तीन दिवसीय खादी प्रदर्शनी एवं सेल में पहुंचें। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। श्री यादव ने स्वयं खादी सामग्री क्रय करते हुए सभी को प्रदर्शनी का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इससे पूर्व उन्होंने भारतीय ज्ञानपीठ के संस्थापक वरिष्ठ गांधीवादी शिक्षा वेद समर्पित समाजसेवी आजीवन खड़ी व्रत धारी स्वर्गीय श्री कृष्ण मंगल सिंह कुलश्रेष्ठ जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

भारतीय ज्ञानपीठ की संचालक श्रीमती अमृता कुलश्रेष्ठ, यश कुलश्रेष्ठ,युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ ने मुख्यमंत्री जी का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया 7 इस अवसर पर खादी ग्राम उद्योग विकास मंडल के उज्जैन के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ , सचिव स्वदेश शर्मा, ने खादी ग्राम उद्योग विकास मंडल उज्जैन के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री डॉ. एस एन पांडे, डॉ विनोद बैरागी, विश्वास शर्मा, डॉ.एस.के. जैथलीया,अनिल गुप्ता, डॉ.सुमित सकरगाये, नितिन गरुड़ , समाजसेवी महेश परियानी, पुनीत अग्रवाल, पुष्पेन्द्र शर्मा,योगांश शर्मा,सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा, जिसमें खादी व ग्रामोद्योग की वस्तुओं पर 10 से 30 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी।

## सांप्रदायिक सद्भावना के लिये जैन एकता पर 5 सूत्र आवश्यक है - संयतमुनिजी

जागरण नागदा - जैन सोश्यल ग्रुप के तत्वावधान में संपूर्ण जैन श्रीसंघ का जैन एकता पर एक साम्प्रदायिक सद्भावना मंच के बैनर तले पूज्य अणुवत्स संयतमुनिजी ठाणा-4 एवं मूर्तिपूजक संघ के मुनि श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी मं.सा. ठाणा-2 के कुशल सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

धर्मसभा में पूज्य अणुवत्स जी ने कहा कि हमने ऐसा क्या किया है कि हमें जैन कुल ही मिला, हमने पूर्व भव में अनंत कर्मो का क्षय किया तभी हमें जैन कुल मिला। हम जीनदेव के अनुयायी है इसलिये जैन है। जैन धर्म गौरवपूर्ण एवं विश्वप्रसिद्ध है। ऐसा कोई धर्म नहीं जिसमें नाम से भोजन मिलता हो, विश्व में कहीं भी चले जाओ 'जैन फुड' ये पहचान है। सबसे ज्यादा टैक्स भरने में भी जैन सबसे आगे है। हमारा मूल नवकार महामंत्र एक है। हम हमारे धर्मो में ही क्यों अलग-अलग हो रहे है। चाहे हमारी आराधनाएँ अलग हो सकती है पर हम केवल महावीर के अनुयायी है इसके लिये 5 सूत्र आवश्यक है (1) सद्भावना - एक दूसरे के प्रति सद्भावना होना चाहिये। (2) संगठन- अपनी ताकत दिखाने के लिये संगठन जरूरी है। (3) सहयोग- एक दूसरे के सहयोगी सहभागी बने। (4) समन्वय -समाज के बिखराव को रोकने के लिये समन्वय जरूरी है।

## हजारों कन्याओं का पूजन, मुख्यमंत्री हुए शामिल



**जागरण उज्जैन।** शहर में रविवार को नवरात्रि की षष्ठी तिथि पर कन्या पूजन हुआ। अभियान के तहत 121 स्थानों पर अलग-अलग आयोजन कर 25 हजार कन्याओं के पूजन का दावा किया गया था। कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए। सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजन शुरू हुए।

बताया जाता है कि इस आयोजन की पिछले चार महीने से तैयारी चल रही थी। लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महा आयोजन समिति ने 121 स्थानों कन्या कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई थी।इनमें 25 हजार कन्याओं का पूजन किया जाना था। इसके लिए भाजपा ने शहर के प्रत्येक वार्ड से कन्याओं की सूची भी तैयारी की थी कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजन संमिति के सहसंयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि उज्जैन 3 मंडलों से 267 बूथों पर लगभग 5 हजार कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक परिवार में जाकर बालिकाओं का पंजीयन किया था और उसी आधार पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस आयोजन में 30 विधायक 10 सांसद व 3 मंत्री सहित शहर की अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होने पहुंचे और उन्होंने कन्याओं का पूजन किया।

# स्थानीय व्यापार को प्राथमिकता देना ही सच्ची देशभक्ति : पटेल

## स्वदेशी अपनाएं-देश बचाएं अभियान पर हुआ गहन विमर्श




**जागरण नागदा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वाधान में शुक्रवार शाम को मंडल कार्यालय, महात्मा गांधी मार्ग पर स्वदेशी अपनाएं ङ्क देश बचाएं अभियान को लेकर एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने की, जबकि अभियान प्रभारी कैलाश विपट (उन्हेल), पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल यादव, सांसद प्रतिनिधि ओ. पी. गेहलोत एवं मंडल महामंत्री दौलतराम प्रजापत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बैठक में अभियान प्रभारी कैलाश विपट ने कहा

स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति है। स्थानीय व्यापार, कारीगर और युवा तभी आत्मनिर्भर बनेंगे जब हम विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर भारतीय उत्पादों को अपनाएँगे।

### नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी को प्राथमिकता देना आज की आवश्यकता है। आर्थिक आज़ादी का मार्ग स्वदेशी उत्पादन और स्वदेशी उपयोग से ही संभव है। विदेशी ताकतें भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का षड्यंत्र कर रही हैं, ऐसे समय में हमें स्वदेशी के संकल्प को और मजबूत करना होगा।

बैठक में वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि अमेरिका सहित कई देशों से आयातित वस्तुओं एवं दवाइयों पर कर वृद्धि भविष्य के लिए चेतावनी है। इस परिस्थिति में हमें स्थानीय उत्पादन एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

बैठक में नगर के प्रबुद्ध जन, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, नगर मंडल सदस्य, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शीघ्र ही नगर मंडल द्वारा अभियान चला कर नगर वासियों को एवं नगर के व्यापारियों को स्वदेशी वस्तुओं का व्यापार करने एवं उपयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

# बाएफ के राज्य प्रमुखों ने नागदा में देखा नवाचार और आत्मनिर्भरता की मिसाल से किसानों का बदलता चेहरा



**जागरण नागदा।** बाएफ लाइवलीहुड्स मध्यप्रदेश द्वारा नागदा क्षेत्र में ग्रेसिम एवं नाबार्ड के सहयोग से संचालित विभिन्न नवाचारपूर्ण कृषि-उद्यानिकी, पशुधन विकास तथा विविधिकृत चारा विकास कार्यक्रमों के अवलोकन हेतु बाएफ के विभिन्न राज्यों के राज्य प्रमुख एवं पदाधिकारी द्वारा उज्जैन, देवास तथा इन्दौर जिले के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे।

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रथम दिन राज्यों के प्रतिनिधि मंडल ने ग्रेसिम गेस्ट हाउस, बिरलाग्राम में आयोजित नागदा की विकासोन्मुखी सफलतम यात्रा पर बाएफ नागदा टीम के साथ परिचर्चा में भाग लिया तत्पश्चात ग्रेसिम के सीएसआर अधिकारियों से मुलाकात कर कॉरपोरेट के अनुभव और पारस्परिक सहयोग पर चर्चा की गई।

तत्पश्चात विजिट कार्यक्रम अंतर्गत बिरलाग्राम में 30.55 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित हाइब्रिड नेपियर प्लॉट, झांझाखेड़ी एफपीओ के कृषि नवाचार केंद्र, बाएफ कार्यालय, बेरछा में पपीता एवं संतरा के वाड़ी प्लॉट, साइलेंज उत्पादन इकाई और बिरियाखेड़ी में कृषि नायक परियोजना के मॉडल प्लॉट, ग्रेसिम गौकुल गौशाला में जेएफपीसीएल एफपीओ द्वारा स्थापित हरे चारे की वेल्यु चेन एवं फोडर ईको सिस्टम का दौरा किया गया।

दो दिवसीय भ्रमण के दौरान राज्य प्रमुखों ने किसानों से संवाद करते हुए कृषि नवाचार, कृषि एवं पशुपालन में वेल्यू चेन, पशुधन विकास एवं टिकाऊ आजीविका का अनुभव प्राप्त किया साथ ही इसे अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अपने अनुभव भी सांझा किये गये।

कार्यक्रम में बाएफ के विभिन्न राज्यों के राज्य प्रमुख, बिहार से विनय कुमार सिंह, राजस्थान से सुरेन्द्र वर्डिया, ओडिशा से संदीप काकडे, आंध्र प्रदेश से ओमदेव सिंह चुडासामा, गोवा एवं पुणे महाराष्ट्र से मुकुल बावीस्कर, कर्नाटक से एम.एन.कुलकर्णी, तेलंगाना से हेमन्त राव, उत्तराखंड से संदीप यादव, मध्यप्रदेश से पवन पाटीदार, पुणे के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकारी आशिष डोडामनी शामिल हुए।

इस अवसर पर ग्रेसिम जनसेवा ट्रस्ट के सीएसआर प्रमुख सतीश भुविर, क्लस्टर प्रमुख जीवन पोरवाल, प्रबन्धक अरविन्द सिंह सिकरवार, ग्रेसिम केमिकल डीवीजन के सीएसआर प्रमुख अजय नागर, बाएफ के रीजनल इंचार्ज जे.एल.पाटीदार, परियोजना अधिकारी शुभम ढुंढेले, लोकेन्द्र सिंह राजपूत, राहुल अडलक, रामबाबु राठोर, रविन्द्र पाटीदार, ग्रेसी गुंजाल, शानू कासोटिया, झांझाखेडी एपीओ के अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना, उपाध्यक्ष शोभाराम गुर्जर, बीओडी नानालाल मेहता, राधेश्याम शर्मा, बलवंत सिंह गुर्जर, प्रेमबाई, गिरधारीलाल गरोडा, सीईओ सूरज प्रताप सिंह, लेखाधिकारी रीना मीना तथा काफी संख्या में प्रतिभागी महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### शॉप कीपर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**जागरण, दमोह।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आरसेटी दमोह द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसका मुख्य विषय शाप कीपर दुकानदार था। इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें खुद का व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कोचर और जिपं सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन किया।

### आयुर्वेद औषधालय में चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**जागरण, दमोह।** आंगनबाड़ी केंद्र क्र.37, आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 163 एवं श्रीराम पब्लिक स्कूल बालाकोट, आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 38 ग्राम भीलमपुर, आयुर्वेद औषधालय बालाकोट मे आयुर्वेद दिवस एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 39 ग्राम चौरई में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन औषधालय बालाकोट द्वारा किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया शिविर में आने वाले बच्चों महिलाओं ग्रामीणों को निःशुल्क सुविधा प्रदान की गई।

## न्यूज कॉर्नर

### दिव्यांगजनों को शिविर लगाकर वितरित किए सहायक उपकरण

**गुना।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन और प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अब्दुल गफ्फार के मार्गदर्शन में 28 सितंबर को कार्यालय जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गुना में एक सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जिले के दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए। उपकरण पाकर हितग्राही दिव्यांगजनों के साथ उपस्थित अभिभावक शासन की ओर से प्राप्त सहायता पाकर अति प्रसन्न हुए। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की।

### जीण माता सेवा समिति ने आयोजित किया पाठ

गुना। श्री जीण माता सेवा समिति के मार्गदर्शन में इन दिनों शहर में नौ दिवसीय मंगल पाठ और भजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में चतुर्थी का मंगल पाठ बूढ़े बालाजी के पास हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मोहित शर्मा के निवास पर किया गया। इसके बाद षष्ठी का पाठ माथुर कॉलोनी स्थित विवेक गैस एजेंसी पर उनके स्वनिवास पर भक्तिभाव से पूर्ण किया गया। इन आयोजनों में माता के भजनों के साथ-साथ सभी भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। धार्मिक कार्यों को सफल बनाने में समिति के वरिष्ठजनों, जिनमें जगदीश राजेश सिंघल, प्रदीप खंडेलवाल, राजेंद्र गर्ग, विमल गर्ग शामिल हैं, के साथ-साथ महिलाओं का सक्रिय सहयोग रहा। समिति के सदस्य विवेक गर्ग ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि सप्तमी का शक्ति मंगल पाठ ओमप्रकाश बंसल के स्वनिवास पर आयोजित होगा। इसके बाद अष्टमी का पाठ मॉडर्न स्कूल के पास स्थित प्रदीप खंडेलवाल के निवास पर संपन्न होगा।

### शहर में प्रवेश नहीं करेंगे भारी वाहन

**गुना।** बूढ़े बालाजी मंदिर तिराहा से समस्त प्रकार के भारी माल वाहन, ट्रक, डम्पर, यात्री बसें, लोडिंग वाहन, ट्रैक्टर ट्रॉली इत्यादि सीधे गुना शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन वाहनों को हरिपुर रोड़ अथवा टेकरी रोड़ अंडर पास सर्विस रोड़-हाईवे से होकर जाना होगा। तेलघानी पुरानी गल्ला मण्डी के अन्दर से आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन रात्रि 01ः00 बजे तक पुरानी गल्ला मण्डी के अन्दर ही प्रतीक्षा करेंगे और जयस्तंभ की तरफ नहीं जाएंगे। नानाखेड़ी कृषि उपज मण्डी से निकलने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन दो खंभा तिराहा अथवा ऊमरी पुल से होकर शहर से बाहर की तरफ निकलेंगे।

### पुलिस को देख वाहन से कूदकर भागे तीन चोर

**गुना।** गुना पुलिस द्वारा शहर में प्रभावी रात्रि गश्त व्यवस्था और प्रवेश मार्गों पर विशेष जाँच पॉइन्ट लगाए जाने का महत्त्वपूर्ण परिणाम सामने आया है। बीती रात, बिसोनिया गश्त पॉइन्ट पर पुलिस ने चोरी की गई एक भैंस और दो पड़िया को बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गश्त कर रहे पुलिस बल ने बीती रात शहर में प्रवेश वाले बिसोनिया गश्त पॉइन्ट पर छोटा हाथी को रोका और उसकी जाँच की। वाहन में एक भैंस और दो पड़िया मिलीं। चालक इन जानवरों के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिससे संदेह होने पर पुलिस उसे छोटा हाथी सहित केंट थाने ले आई। 28 सितंबर की सुबह, फरियादी रामधन धाकड़ निवासी ग्राम बनेह, थाना धरनावदा ने झागर चौकी पर अपनी एक भैंस और दो पड़िया चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी की सूचना जिले के सभी थानों में प्रसारित की गई, जिससे बिसोनिया गश्त पॉइन्ट पर पकड़े गए वाहन और जानवर की जानकारी मिली।

## अंचल के सबसे पुराने देवी स्थल बीसभुजा देवी की महिमा अनंत

# कोई भी नहीं गिन पाया माता की 20 भुजाएं



**जागरण, गुना।** जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर, बजरंगगढ़ की ऊंची पहाड़ी पर विराजमान मां बीस भुजा देवी के मंदिर की महिमा दूर-दूर तक प्रख्यात है। सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर की मान्यता दूरों तक फैली है, यहां देशभर से लोग अपनी मुरादे लेकर मां के दरबार में आते हैं। गुना जिले के इस मंदिर से देशभर में रह रहे कई लोगों का नाता वर्षों से जुड़ा हुआ है। आज भी गुना के रहवासी जो अन्य प्रांतों में जाकर रहने लगे हैं, वह नवदुर्गा में यहां माता के दर्शन करने जरूर आते हैं। इस मंदिर में खास बात है, मैया की प्रतिमा की भुजाएं। कहने को मैया का नाम 20 भुजा माता है, लेकिन आज तक कोई भी व्यक्ति मां की 18 भुजाओं से ज्यादा तक की गिनती नहीं कर पाया। इसीलिए बीसभुजा के नाम से यह रहस्य बरकरार है।

मंदिर के पुजारी महेश शर्मा के अनुसार, मां बीस भुजा देवी की प्रतिमा स्वयंभू है, यानी यह स्वयं प्रकट हुई है और इसकी स्थापना नहीं की गई है। यह मंदिर लगभग 5,500 साल पुराना है। भविष्य पुराण और पद्म पुराण में भी इस जगह का उल्लेख मिलता है। यह शाश्वत नाम का शिखर है, जहाँ भगवती महाभारत से पहले भी विराजमान थीं। अंगराज कर्ण ने यहां नौ वर्ष तक तपस्या की थी, और उससे पहले महर्षि दुर्वासा ने भी इस पर्वत पर तपस्या की थी।

### ऐसे पड़ा बीस भुजा नाम

पुजारी महेश शर्मा बताते हैं कि मां भगवती ने स्वयं कहा था कि वे अपने प्रिय भक्त को बीस हाथों के साथ दर्शन देंगी, इसलिए संसार में उनका नाम बीस भुजा प्रसिद्ध हुआ। अंगराज कर्ण को उन्होंने बीस हाथों के साथ दर्शन दिए, जिसके बाद कर्ण ने बीसम भुजाम सुंदरी कहकर उनकी स्तुति की। तभी से माँ का नाम बीस भुजा पड़ा। आमतौर पर 18 भुजाओं वाली माता के मंदिर होते हैं, लेकिन यह शायद इकलौता मंदिर है जहां मां बीस भुजाओं के साथ विराजमान हैं। पहले मंदिर के चारों ओर घना जंगल था और बताया जाता है कि यहां मंदिर के आसपास शेर भी रहते थे, जो मां के दर्शन हेतु आते थे, जिनके पंजों क निशान कई बार देखे गए हैं। पहले माँ बीस भुजा देवी एक छोटे से मंदिर में स्थापित थीं, लेकिन धीरे-धीरे इसका जीर्णोद्धार करके एक भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। अब भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बन गया है।

### भीड़ नियंत्रण करने में प्रशासन के छूटे पसीने

**जागरण, गुना।** गुना में नवरात्र महोत्सव का उत्साह चरम पर है। इस दौरान गुना जिले के दो बड़े और प्राचीन मंदिरों में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन के भी पसीने छूट गए। शहर में लगभग 100 से अधिक जगह प्रतिमाएं विराजमान हुईं हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले में जहां माता की झांकिया सजी हैं, वहीं मुख्य मार्गों पर भी बड़ी-बड़ी झांकिया लगाई गई हैं, जिससे शहर के हर क्षेत्र में रात्रि 9 बजे से जनता का हुजूम देखा जा सकता है। शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौराहा पर तो रोजाना रात्रि में जाम की स्थिति बनी रहती है, जहां पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। दूर-दराज गांवों से तथा स्थानीय लोग रोजाना हजारों की संख्या में झांकिया देखने शहर में आ रहे हैं।

### आस्था पर पड़ रहीं तिथियां भारी

इस बार की नवरात्रि महोत्सव में तिथियों का बड़ी गफलत चल रही है। कोई नवमी 30 मंगलवार तारीख को मान रहा है, तो कई लोगों के अनुसार नवमी 1 बुधवार तारीख को ही होगी। इसी तरह रविवार को जिले में अधिकांश लोगों ने तिथि को सप्तमी माना तो कुछ लोगों ने छठ मानकर पूजन किया। यदि दशहरा के हिसाब से तिथि को माना जाए तो दशहरा इस बार 2 अक्टूबर गांधी जयंती को पड़ रहा है, उस हिसाब से नवमी 1 तारीख बुधवार को ही मानी जानी चाहिए। इसके अलावा नवरात्रा महोत्सव की शुरूआत 22 सितंबर सोमवार से हुई थी, उस हिसाब से यदि नवमी 1 अक्टूबर को मानी जाती है, तो इस बार के नवदुर्गा महोत्सव नौ दिवस के न होकर, बल्कि दस दिवस के ही होंगे।



### बड़ी तलैया में विराजीं जीवंत मैया

**जागरण, गुना।** वर्षों से तलैया महोल्ला में नवदुर्गा महोत्सव पर लगने वाली झांकी का स्वरूप इस बार जीवंत है। माता की प्रतिमा ऐसी लगती है, मानो माता जीवंत रूप में हों। उक्त प्रतिमा गुना से 800 किमी दूर छत्तीसगढ़ के एक शहर से ऑर्डर पर बनवाई गई है। झांकी के संचालक विक्की छारी ने बनाया कि उक्त प्रतिमा बनाने वाले कलाकार के यहां दो साल पहले ऑर्डर दिया गया था, तब जाकर इस साल गुना का नंबर आया। इस प्रतिमा को देखने के लिए रोजाना हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां चलित झांकी भी लगाई गई है तथा सप्तचंडी यज्ञ भी चल रहा है।

## डिवाइडर से टकराई कार, बाल-बाल बचे यात्री

# नेशनल हाईवे की नहीं हो पा रही मरम्मत




**जागरण, गुना।** शहर सहित जिलेभर में सड़कों की मरम्मत नहीं होने की वजह से दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ गया है। रविवार को एक बार फिर नेशनल हाइवे पर एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि अगर चालक सूझबूझ नहीं दिखाता तो कई लोग हताहत हो सकते थे। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 8.40 बजे म्याना से लगभग एक किलोमीटर दूर हाइवे पर एक बड़ा हादसा टल गया। गुजरात से कानपुर जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर चौक चूल्हा होटल के सामने डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस क्रमांक यूपी 78 सी टी 5599 गुना से शिवपुरी की ओर जा रही थी। हाइवे पर अचानक आए गड्ढे से बचने के चक्कर में चालक बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और डिवाइडर पर चढ़ गई। बस के अंदर बैठी सवारियों को दुर्घटना का आभास हुआ, उनमें खलबली मच गई। हालांकि आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े और यात्रियों को बस से बाहर निकलने में मदद की गई। म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह सिकरवार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बस डिवाइडर पर चढ़ गई थी। उन्होंने जानकारी दी कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को कोई चोट नहीं आई है। यात्रियों को तत्काल दूसरी बस से उनके गंतव्य स्थान तक सुरक्षित पहुँचा दिया गया है। गौरतलब है कि क्षेत्र में सड़क पर गड्ढों और आवारा मवेशियों की मौजूदगी के कारण इस तरह के हादसे बढ़ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लगभग दस दिन पहले भी इसी तरह की एक यात्री बस साक्षी कॉलेज के सामने डिवाइडर पर चढ़ गई थी। हाईवे पर लगभग 30 किलोमीटर क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

## अतिक्रमण हटाने के मामले में पेश नहीं हुए तहसीलदार, न्यायालय ने फटकारा

### 31 अक्टूबर से पहले कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**जागरण, गुना।** शहर में अतिक्रमण से संबंधित एक महत्वपूर्ण केस की सुनवाई के दौरान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश ने गुना तहसीलदार की व्यक्तिगत उपस्थिति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की है।

जानकारी के मुताबिक गुना शहर के राजस्व सर्वे क्रमांक 722 में अतिक्रमण से संबंधित एक जनहित याचिका पत्रकार नवीन मोदी और अन्य द्वारा जिला न्यायालय गुना में दायर की गई है। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 25 सितंबर को तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट हाजिर होने के आदेश दिए थे। लेकिन सुनवाई के दौरान बैरवा के अधिवक्ता ने एक आवेदन पेश किया, जिसमें बताया गया कि तहसीलदार इस समय गुनिया नदी के गहरीकरण और शहर में अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों में व्यस्त हैं। वहीं नवरात्र पर्व और अन्य त्यौहारों को लेकर उनके पास कानून व्यवस्था को नियंत्रित रखने का भी दायित्व है। इन कारणों का हवाला देते हुए बैरवा के वकील ने दीपावली के बाद उनके कोर्ट में हाजिर होने का समय मांगा था। इस पर कोर्ट ने कहा कि उन्हें सर्वे क्रमांक 722 से संबंधित जनहित याचिका को लेकर कार्रवाई के कई अवसर दिए जा चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा 31 अक्टूबर से पहले अतिक्रमण हटाने संबंधी कार्रवाई पूरी करें, अन्यथा विधि अनुसार शासकीय संपत्ति कुर्क करने अथवा सिविर कारागार निरोध यानी जेल भेजने संबंधी कार्रवाई की जा सकती है।

### जिले में रिकॉर्ड तोड़ वर्षा

**गुना।** गुना जिले में इस वर्ष मानसून ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 01 जून से लेकर अब तक जिले में 1644.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि जिले की सामान्य औसत वर्षा (1053.5 मिमी) से लगभग 158.0 प्रतिशत अधिक है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस वर्ष हुई बारिश पिछले साल की तुलना में काफी ज्यादा है, क्योंकि गत वर्ष इसी अवधि में 1149.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गुना में 1926.7 मिमी, बमौरी में 1672.4 मिमी, आरोन में 1414.0 मिमी, राघौगढ़ में 1561.0 मिमी, चांचौड़ा में 1598.0 मिमी, कुम्भराज में 1646.0 मिमी, मकसूदनगढ़ में 1835.1 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। जिले में बीते 24 घंटों में 3.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में मकसूदनगढ़ में सर्वाधिक 8.0 मिमी और गुना में 7.6 मिमी वर्षा हुई। इसके अलावा, बमोरी में 6.0 मिमी, राघौगढ़ में 3.0 मिमी, और चांचौड़ा एवं कुंभराज में 1.0-1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। आरोन वर्षामापी केंद्र पर 0.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई।

## 70 लीटर जहरीली कच्ची शराब जब्त, तस्कर गिरफ्त में आया



**जागरण, गुना।** राघौगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब विक्रय के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस ने हाथ भट्टी की 70 लीटर अवैध और जहरीली कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। बीती शाम राघौगढ़ थाने की जंजाली चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संजय सागर रोड पर फीटर की पुलिया के पास एक व्यक्ति दो बड़ी प्लास्टिक की केनों में कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में बैठा हुआ है। सूचना मिलते ही जंजाली चौकी से पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस को देखते ही मुखबिर के बताए हुलिए का व्यक्ति दौड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुनील उर्फ सोनू पुत्र रमेशचंद्र साहू निवासी ग्राम आवन, थाना राघौगढ़ बताया। जब उसके पास मिली दोनों केनों की जाँच की गई, तो उनमें हाथ भट्टी की बनी 70 लीटर अवैध शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी सुनील उर्फ सोनू साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

## 60 साल पुराना मां का मंदिर तीन रूपों में मां देती हैं दर्शन



**जागरण, राधोगढ।** माँ अष्टभुजी माता मंदिर जो बहुत प्राचीन मंदिरों में शुमार है। यह मंदिर करीब 60 साल पूर्व का है। इस पवित्र स्थान पर माता के मंदिर से पहले सिर्फ हनुमान व माताजी का चबूतरा हुआ करता था। यहां वर्षों से आ रहे लोग बताते है कि यहां माँ अष्टभुजी स्वयं प्रकट हुई थी। इसके बाद स्थानीय लोगो द्वारा माताजी की पूजा - अर्चना के साथ उन्हें स्थापित किया। जब से आज तक जनसहयोग से धीरे धीरे मंदिर का जीणोद्धार किया गया। खोंगरा स्थित माँ अष्टभुजी के बारे में कहा जाता है कि माता दिन में तीनों समय अलग रूप में दर्शन देती है। कहा जाता है कि सुबह माता बाल रूप में दर्शन देती है दोपहर में युवावस्था व शाम को वृदावस्था में भक्तों को दर्शन देती है। खोंगरा स्थित माँ अष्टभुजी मंदिर पर पहाड़ी पर तीनों दिशाओं में माता अष्टभुजी, श्री हनुमानजी महाराज व भगवान शिव अपने परिवार के साथ विराजमान है। नवरात्रि के समय यहां 9 दिनों तक रामायण पाठ किया जाता है साथ ही आरती में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते है।

## द रॉयल क्लब कुंभराज ने किया डांडिया बीट्स का भव्य आयोजन



**जागरण, कुंभराज।** द रॉयल क्लब कुंभराज द्वारा आयोजित डांडिया बीट्स - डांडिया नाइट कार्यक्रम ने पूरे शहर को उमंग और उत्साह से सराबोर कर दिया। गरबा और डांडिया की रंग-बिरंगी रात में शहरवासियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक गीतांजलि गोल्ड रहे, जबकि शिरोमणि साड़ीज, नेक्स्ट मी अकैडमी और फ्रेंड्स कैफे सह-प्रायोजक के रूप में जुड़े। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में गीतांजलि गोल्ड से रूपाली कासट एवं दीक्षा कासट, शिरोमणि साड़ी से प्रियेश जैन, नेक्स्ट मी अकैडमी से विष्णु सोनी एवं विजय अग्रवाल, और फ्रेंड्स कैफे से दीपेश शिवहरे एवं गौरव लोधा विशेष रूप से उपस्थित रहे और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस सफल आयोजन के पीछे द रॉयल क्लब के सभी सदस्यों का अथक परिश्रम और उत्कृष्ट समन्वय रहा। क्लब के सहयोग और सामूहिक प्रयास से यह कार्यक्रम नगरवासियों के लिए एक यादगार सांस्कृतिक शाम बनकर उभरा।

## विश्व नदी दिवस पर कलेक्टर कन्याल ने किया पौधरोपण

# गुनिया और उड़िया नदियों के संरक्षण का दिया संदेश



**जागरण, गुना।** विश्व नदी दिवस% और चल रहे %सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आज, 28 सितंबर को, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शहर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और नदी संवर्धन का महत्त्वपूर्ण संदेश दिया। कलेक्टर श्री कन्याल ने इस कार्यक्रम के तहत एमपीईबी परिसर, मातापुर कैंट, और गुनिया नदी किनारे पौधे रोपे। इस दौरान उनके साथ अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। पौधरोपण कार्यक्रम के बाद कलेक्टर श्री कन्याल ने सिंगवासा तालाब के पास गोवंश के लिए स्थल का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर, कलेक्टर श्री कन्याल ने विशेष रूप से गुनिया एवं उड़िया नदियों के उद्गम स्थलों की स्वच्छता और संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नदियों का मूल स्वरूप तभी सुरक्षित रह सकता है जब उनके उद्गम स्थलों की नियमित स्वच्छता एवं संरक्षण कार्य सुनिश्चित किए जाएं। नदियों को स्वच्छ, सुरक्षित और उनके प्राकृतिक स्वरूप में बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से नदियों को बचाने और पर्यावरण को हरा-भरा रखने के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### महिलाओं को मिल रहा व्यावसायिक प्रशिक्षण

सशक्त महिला सशक्त मध्यप्रदेश की अवधारणा और विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में, केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, गुना जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचार किए जा रहे हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में, म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत गुना द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से पहल की गई है राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकलव्य छात्रावास के सामने स्थित आजीविका भवन में जिज्जी की पंचायत नाम से एक रेस्ट्रोमार्ट का संचालन किया जाना प्रस्तावित है।

## राघौगढ़ नपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत नशा मुक्ति का दिया सबक



**जागरण, राघोगढ़।** नपा राघौगढ़-विजयपुर में नपा सीएमओ तेज सिंह यादव द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिस में नशा करने के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया एवं नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ, स्वच्छ और नशा-मुक्त समाज की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देना था। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वच्छता भी उतनी ही जरूरी है। नशा व्यक्ति, परिवार के विकास में बाधा बनता है।